दिनांकः 22.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया कानून आज से लागू।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–किसानों के कल्याण से जुड़े विषयों को आगामी बजट में शामिल करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।
- राज्य में प्री–मॉनसून सक्रिय–कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश।
- आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सुपर आठ मुकाबलों में भारत का सामना बांग्लादेश से।

..............

केंद्र द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया कानून आज से लागू हुआ। इसके तहत प्रतियोगी परीक्षा में धोखाधड़ी रोकने के लिए कम से कम तीन से पांच साल की सज़ा का प्रावधान किया गया है। साथ ही धोखाधड़ी के संगठित अपराधों में शामिल लोगों को पांच से दस साल की सज़ा और न्यूनतम 1 करोड़ रुपये का जुर्माना होगा। गौरतलब है कि सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक, 2024 छह फरवरी को लोकसभा और नौ फरवरी को राज्यसभा ने इस विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद ये विधेयक कानून में बदल गया। संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग भर्ती परीक्षा निकायों और अन्य सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए यह अधिनियम बनाया गया है।

..................

यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों और लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण स्थगित कर दी गयी है। यह परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होने वाली थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने कहा कि संशोधित कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। एनटीए ने कहा है कि किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी एनटीए हेल्प डेस्क नम्बर 011–40759000 और 011–69227700 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा ईमेल करके लिखित जानकारी ली जा सकती है।

...............

जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित होगी। वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारामण इसकी अध्यक्षता करेंगी। नई सरकार के गठन के बाद यह जीएसटी परिषद की पहली बैठक है। जीएसटी परिषद की आखिरी बैठक पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हुई थी।

.................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसानों के कल्याण से संबंधित विषयों को आगामी परिवर्तित बजट 2024–25 में शामिल करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। वे कल मुख्यमंत्री कार्यालय में किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघ के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने से विकसित राजस्थान की मजबूत नींव तैयार होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार किसानों के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। इनमें ईआरसीपी, फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य, फसली ऋण, बिजली कनेक्शन जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी, कृषि और उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से बैठक से जुड़े। विभिन्न अंचलों से आए किसानों और कृषि तथा पशुपालन विशेषज्ञों ने बजट पूर्व चर्चा में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए बनाई गयी राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद् में सदस्यों का मनोनयन किया है। इस परिषद में विधानसभा में निर्वाचित अनुसूचित जनजाति के 14 विधायक सदस्य बनाए गये हैं। यह परिषद् जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करेगी तथा नई योजनाओं के लिए परामर्श देगी।

................

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा पर भर्ती किये जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के 767 पद बढ़ा दिये हैं। अब कुल 5 हजार 261 पदों पर भर्ती की जाएगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इससे पहले भी 963 पद बढ़ाए गए थे।

..................

बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण कुमार को जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने आदेश जारी कर ये नियुक्ति की है। अग्रिम आदेश या कृषि विश्वविद्यालय में नियमित नये कुलपति की नियुक्ति होने तक डॉ. कुमार ये प्रभार संभालेंगे।

..............

राज्य में प्री–मॉनसून सक्रिय हो गया है। इससे कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश से लोगों को तेज गर्मी और लू से राहत मिली है। भरतपुर के विभिन्न इलाकों में करीब एक घंटे तक बरसात हुई। इससे मौसम खुशनुमा हो गया है। हनुमानगढ़ में बूंदाबांदी हुई। बालोतरा, बारां, करौली और सांचौर में तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हुई। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। बाड़मेर में अंधड़ के चलने से बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहां रातभर हल्की बरसात का दौर चला। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि कल दोपहर बाद हुई बरसात से जिले में मौसम सुहावना बना हुआ है।

-------------

राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और बीकानेर संभाग में आज भी कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं।

...................

आज विश्व ऊंट दिवस है। इस अवसर पर बीकानेर जिले के राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र पर ऊंटों की विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। और ब्यौरा हमारे बीकानेर संवाददाता से –

-------------

000

जैसलमेर के राष्ट्रीय मरु उद्यान में गिद्धों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पिछले दिनों की गयी वन्यजीवों की गणना में संकट ग्रस्त प्रजाति के गिद्ध भी दिखाई दिये हैं। इससे वन्यजीव प्रेमियों में खुशी का माहौल है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-------------

आईसीसी टी–20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सुपर आठ मुकाबलों में भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। एंटीगुआ के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। पिछले मैच में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से हराया था।

................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का ये पहला अंक होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।

....................